**वेबसाईट हेतु**

# भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद
# वी. रामलिंगस्वामी भवन, नई दिल्ली

**विज्ञापन संख्या 1-आईसीएमआर मुख्यालय/अपर महानिदेशक(ईएम) /01/2025-भर्ती-कक्ष**

**रिक्ति-परिपत्र**

| आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि: 24.02.2025 |
|---|

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन है। आईसीएमआर अपने नई दिल्ली स्थित मुख्यालय और देश भर में स्थित 27 संस्थानों/केंद्रों तथा व्यापक संख्या में अपने फील्ड स्टेशनों के माध्यम से राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों के सहयोग से विभिन्न क्षेत्रों में जैव चिकित्सा/स्वास्थ्य अनुसंधान से संबंधित कार्य कर रहा है।

आईसीएमआर भारतीय मूल के व्यक्तियों सहित भारतीय नागरिकों से **दिनांक 24 फरवरी, 2025 सांय 5:30 बजे** तक परिषद मुख्यालय, नई दिल्ली में एक्सट्रॉम्यूरल अनुसंधान विंग के प्रमुख के रूप में सीधी भर्ती के तहत नियुक्ति के लिए आईसीएमआर कर्मचारियों को स्वीकार्य सामान्य भत्तों सहित वेतन मैट्रिक्स के स्तर 15 (182200-224100 रुपये) (7वें सीपीसी स्केल) में अपर महानिदेशक (वैज्ञानिक एच) के पद को भरने के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

**# भारत सरकार द्वारा जारी "पात्रता प्रमाण पत्र" प्रस्तुत करने के अधीन।**

**अनिवार्य अर्हकताएं और अनुभव *:**

| | अनिवार्य अर्हकताएं | अनिवार्य अनुभव* | वांछनीय |
|---|---|---|---|
| **योग्यता और अनुभव** | एम.सी.आई./एन.एम.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त एम.डी./एम.एस. या समकक्ष डिग्री<br>या<br>किसी विश्वविद्यालय से एम.पी.एच. के साथ एम.सी.आई./एन.एम.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त एम.बी.बी.एस. या समकक्ष डिग्री<br>या<br>अनुलग्नक-I में दिए गए विषय में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से पी.एचडी. के साथ एम.सी.आई./एन.एम.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त एम.एससी. या एम.बी.बी.एस. या समकक्ष डिग्री। | **17 वर्षों सहित:**<br>• प्रबंधकीय पद और स्वतंत्र रूप से अनुसंधान एवं विकास परियोजनाओं को संभालने का 05 वर्षों का अनुभव (अर्थात वैज्ञानिक अध्ययनों के पीआई या सह-पीआई, अनुसंधान समूहों/केंद्रों/संस्थानों/प्रयोगशालाओं के प्रमुख के रूप में)<br>और<br>• समय-समय पर यथासंशोधित वेतन मैट्रिक्स लेवल-14 में 03 वर्ष की नियमित सेवा या समकक्ष । | जानपदिक विज्ञान, व्यापक डाटा विश्लेषण, दवा/लक्ष्य/बायोमार्कर खोज, चिकित्सा उपकरणों के प्रीक्लिनिकल और नैदानिक मूल्यांकन, आईवीडी, उपचार, टीके, नॉवल इंटरवेशनों के क्षेत्रीय व्यवहार्यता अध्ययन, और स्वास्थ्य प्रौद्योगिकियों, आईपी संरक्षण, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण, स्वास्थ्य नीति विकास और कार्यान्वयन के नियामक पहलुओं के निपटान का अनुभव/ के क्षेत्रों में स्ववतंत्र रूप से अनुसंधान परियोजनाओं को संभालने के लिए कम से कम **05** वर्षों का अनुभव। |

| | |
|---|---|
| **नियुक्ति की अवधि** | प्रारंभिक नियुक्ति 3 वर्ष की अवधि या सेवानिवृत्ति तक, जो भी पहले हो, के लिए होगी। अधिकतम 2 वर्ष या सेवानिवृत्ति तक, जो भी पहले हो, के लिए दूसरे कार्यकाल पर समीक्षा समिति द्वारा विचार किया जा सकता है, बशर्ते भर्ती नियमों के अनुसार पात्रता मानदंड पूरे किए गए हों। इस कार्यकाल के दौरान, यदि पदधारी आईसीएमआर से है, तो वह आईसीएमआर में अपने मूल पद पर पून: ग्रहणाधिकार रखेगा। |

***नोट:**

1. पी.एचडी को 4 वर्षों के अनुभव के समान माना जाएगा (डिग्री पूरी करने में लगने वाली अवधि की परवाह किए बिना)।
2. एमडी/एमएस या समकक्ष को 3 वर्षों के अनुभव समान मानने पर विचार किया जाएगा।
3. एमवीएससी को 2 वर्षों के अनुभव के समान मानने पर विचार किया जाएगा।
4. एमपीएच/एम.टेक/एमई को किसी अनुभव के रूप में नहीं माना जाएगा।
5. सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी संस्थानों में जैव चिकित्सा क्षेत्र से संबंधित अनुसंधान और विकास का अनुभव स्वीकार्य होगा।

2. **<u>आयु सीमा</u>:**

अधिकतक आयु सीमा 60 वर्ष है (केवल केंद्रीय/राज्य सरकारों के कर्मचारियों को ही भारत सरकार के अनुदेशों के अनुसार छूट है)।

3. **<u>शुल्क</u>:**

आवेदन शुल्क के रूप में 1500/- रुपये (केवल एक हजार पांच सौ रुपये) का (अ–देय योग्य) का भुगतान करना अनिवार्य है। एससी/एसटी/महिला/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क में छूट है। उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क का भुगतान आवेदन पत्र में दिए गए ऑनलाइन लिंक के माध्यम से करना है।

**4. <u>आवेदन कैसे करें</u>:**

**i)** उम्मीदवारों को केवल https://recruit.icmr.org.in पर ऑनलाइन मोड के माध्यम से आवेदन करना चाहिए।

**ii)** आवेदन के साथ निम्नलिखित स्वयं द्वारा सत्यापित आपेक्षित दस्तावेज संलग्न किए जाने हैं:-

क)जन्म तिथि का प्रमाण–पत्र

ख)शैक्षिक योग्यताओं

ग) अनुभव

**Contd….2**



**5. <u>अन्य शर्तें</u>:**

(i) आवेदन ऑनलाइन आवेदन शुल्क के साथ प्रस्तुत किया जाना चाहिए।

(ii) अंतिम तिथि के बाद प्राप्त होने वाले आवेदनों को रद्द कर दिया जाएगा, कारण चाहे जो भी हो।

(iii) यदि किसी व्यक्ति के आवेदन में किसी भी प्रकार की गलत जानकारी दी जाती है या किसी भी सूचना को छिपाया जाता है, तो भर्ती प्रक्रिया के दौरान या उसके बाद, उसकी उम्मीदवारी/सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी।

(iv) अपूर्ण या सहायक दस्तावेजों के बिना प्राप्त होने वाले आवेदन रद्द कर दिए जाएंगें।

(v) **<u>दावा किए गए शैक्षिक योग्यता/विशेषज्ञता/अनुभव से संबंधित दस्तावेज अनिवार्य रूप से अपलोड किए जाने चाहिए।</u>**

(vi) व्यक्तिगत चर्चा के समय, केंद्र/राज्य सरकार के विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों और सरकारी वित्तपोषित अनुसंधान एजेंसियों में काम करने वाले आवेदकों को अपने नियोक्ता से प्राप्त एक **"अनापत्ति प्रमाण–पत्र"** प्रस्तुत करना होगा, जिसमें यह वचनबद्धता हो कि **"आवेदक को नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा"** ।

(vii) किसी भी उम्मीदवार द्वारा किसी भी प्रकार का बाहरी प्रभाव डलवाना (राजनीतिक या अन्यथा) उसे अयोग्य घोषित

कर देगा।

(viii) कोई भी मामला ऐसा मामला जिसके लिए कोई विशिष्ट अनुदेश नहीं दिए गए है, उन पर आईसीएमआर द्वारा निर्णय किया जाएगा और यह निर्णय उम्मीदवारों पर अंतिम और बाध्यकारी होगा।

(ix) कोई भी अन्य पत्राचार केवल आईसीएमआर की वेबसाइट पर अपलोड किया जाएगा। उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे किसी भी अपडेट के लिए आईसीएमआर की वेबसाइट का नियमित रूप से अवलोकन करें।

**(x)** विज्ञापन के विरुद्ध भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद नई दिल्ली स्थित न्यायालयों के अधिकार क्षेत्र में होगा।

**(xi)** आईसीएमआर इस रिक्ति परिपत्र को संशोधित करने, रद्द करने या नए सिरे से प्रकाशित करने की स्वतंत्रता रखता है।

6. <u>अल्प–सूचीबद्धता मानदंड:-</u>

क) सर्वप्रथम, आयु, अनिवार्य योग्यता और अनिवार्य अनुभव (जहां भी आवश्यक हो) के संबंध में न्यूनतम पात्रता पूरी करने वाले सभी उम्मीदवारों की अल्प–सूची (छंटनी) तैयार की जाएगी।

ख) यदि ऐसे अल्प–सूची (छंटनी) किए गए उम्मीदवारों की संख्या अधिक है और उन सभी को साक्षात्कार के लिए बुलाना संभव नहीं है, तो आईसीएमआर कुछ उपयुक्त अल्प–सूची मानदंडों के आधार पर उम्मीदवारों को आगे शॉर्टलिस्ट करेगा, जैसा कि सक्षम प्राधिकारी, आईसीएमआर द्वारा तय किया जा सकता है। हालांकि यह मामले दर मामले अलग–अलग हो सकता है, योग्यता के आधार पर, आईसीएमआर आम तौर पर संबंधित क्षेत्रों में उच्च अनुभव वाले उम्मीदवारों या उच्च शैक्षणिक योग्यता वाले उम्मीदवारों को बुलाना पसंद करता है, जैसा भी मामला हो और नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा तय किया गया हो।

**<u>नोट:</u>**

किसी भी तकनीकी सहायता के लिए कार्य दिवसों में प्रात: 9:30 बजे से सायं 5:30 बजे (IST) के बीच 011-26589167 पर कॉल करें या helpdesk.egov@icmr.gov.in पर ईमेल करें। भुगतान से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया e-payment@icmr.gov.in पर ईमेल करें।

सहायक महानिदेशक (प्रशासन)

*****

<u>अनुलग्नक-I</u>

<u>विषयों की सूची:</u>

1. जैव रसायन
2. रसायन विज्ञान
3. नृविज्ञान
4. समाजशास्त्र
5. सामाजिक कार्य
6. खाद्य एवं पोषण
7. स्वास्थ्य अर्थशास्त्र में विशेषज्ञता के साथ अर्थशास्त्र
8. मनोविज्ञान
9. जीव विज्ञान/जैव विज्ञान
10. कीट विज्ञान/चिकित्सा कीट विज्ञान
11. आनुवंशिकी/चिकित्सा आनुवंशिकी
12. प्रतिरक्षा विज्ञान
13. सूक्ष्म जीव विज्ञान
14. आणविक जीव विज्ञान
15. औषध विज्ञान
16. फार्मेसी

17. विष विज्ञान
18. विषाणु विज्ञान
19. प्राणि विज्ञान
20. जैव प्रौद्योगिकी
21. वनस्पति विज्ञान
22. जैव सूचना विज्ञान
23. जैव सांख्यिकी/सांख्यिकी
24. सार्वजनिक स्वास्थ्य
25. कोई भी नैदानिक विषय (आंतरिक चिकित्सा, सामुदायिक चिकित्सा, सर्जरी, प्रसूति एवं स्त्री रोग, बाल रोग, हड्डी रोग, त्वचा विज्ञान, मनोचिकित्सा, एनेस्थिसियोलॉजी आदि)
26. चिकित्सा/ जैव-चिकित्सा विज्ञान।

सहायक महानिदेशक **(**प्रशासन**)**

*****